हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खटीमा- 262308, जिला- ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

(सम्बद्ध कुमायूं विश्वविद्यालय)

फोन: 05943–252244

Email ID: gpgckhatima@gmail.com

महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या 2020–21

नेपाल की सीमा पर अवस्थित जनजाति बाहुल्य उत्तराखण्डी संस्कृति और विभिन्न संस्कृतियों के ताने बाने से उदित हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा (ऊधम सिंह नगर) अपने स्थापना वर्ष 1988 के बाद से अब यह महाविद्यालय शैक्षिक क्षेत्र मे अपनी तीव्र गति से प्रगति की ओर अग्रसर है। महाविद्यालय की 31 बीघा 31 बिस्वा भूमि पर वर्तमान में 01 प्रशासनिक भवन, 01 पी0जी0 ब्लॉक, 01 बी0एड0 ब्लॉक, 01 पुराना प्रशासनिक भवन, 01 सभागार, 01 योगा भवन व 01 गार्ड रूम निर्मित है। इसके साथ ही 01 क्रीड़ा मैदान, 01 प्राचार्य आवास व 03 तृतीय श्रेणी कार्मिकों हेतु आवासीय भवन भी उपलब्ध है। शासन द्वारा यदि महाविद्यालय के पास उपलब्ध भूमि पर वाणिज्य संकाय भवन निर्माण हेतु यदि बजट आवंटित किया जाता है तो भविष्य में महाविद्यालय के विकास को एक नई ऊर्जा व गति मिलेगी तथा छात्र–छात्राओं के लिये अधिक सुदृढ़ शैक्षिक वातावरण मिलेगा।

वर्तमान में महाविद्यायल में स्नातक एवं परस्नातक स्तर पर कला संकाय, विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय का संचालन किया जा रहा है।

कला संकाय:– कला संकाय में स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल व शिक्षाशास्त्र एवं परास्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र व भूगोल विषय संचालित किये जा रहे है।

विज्ञान संकाय:– विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान व वनस्पति विज्ञान विषय संचालित किये जा रहे है। इसके साथ ही परास्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान व वनस्पति विज्ञान संचालित है।

वाणिज्य संकाय:– वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर पर बी0कॉम व स्नातकोत्तर स्तर पर एम0कॉम विषय संचालित है।

बी0एड0 पाठ्यक्रम:– महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित है।

एम0ए0 योगा एवं पी0जी0डी0 योगा:– महाविद्यालय में एम0योगा एवं पी0जी0डी0 पाठ्यक्रम भी संचालित है।

पी0एच0डी0:– महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अपने–अपने विषय में शोध छात्रों का मार्ग–दर्शन भी किया जा रहा है।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालयः– दूरस्थ शिक्षा हेतु महाविद्यालय में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र वर्ष 2012 से संचालित है।

महाविद्यालय मे वर्तमान में अध्ययनरत कुल 3717 छात्र–छात्राओं के सापेक्ष कला संकाय में कुल 1832 छात्र–छात्रायें, विज्ञान संकाय में कुल 998 छात्र–छात्रायें, वाणिज्य संकाय संकाय में कुल 626 छात्र–छात्रायें, बी0एड0 पाठ्यक्रम में 109 तथा एम0ए0 योगा में 36 एवं पी0जी0डी0 योगा में 02 छात्र–छात्रायें अध्ययनरत है।

महाविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी

महाविद्यालय में 01 प्राचार्य एवं स्थाई प्राध्यापकों के 36 पद सृजित है जिसके सापेक्ष कुल 12 स्थाई प्राध्यापक 02 संविदा एवं 17 गैस्ट फेकल्टियों/नितान्त काम चलाऊ व्यवस्था के अन्तर्गत शिक्षण कार्य सम्पादित किया जा रहा है।

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में कार्यालय स्टाफ में 01 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, 01 प्रशासनिक अधिकारी, 01 वरिष्ठ सहायक, प्रयोगशाला सहायक के 08 स्थाई पदों के सापेक्ष 02 स्थाई 03 संविदा कर्मचारी 01 इलैक्ट्रीशन कम मैकेनिक कार्यरत है एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में 10 स्थाई पदों के सापेक्ष 02 स्थाई तथा 08 पदों पर संविदा कर्मचारी कार्यरत है। वर्तमान में छात्र–छात्राओं के अध्ययन हेतु पुस्तकालय की सुदृढ़ व्यवस्था जिसमें पाठ्यक्रमों एवं संदर्भ ग्रंथों सहित कुल 27385 पुस्तकें उपलब्ध है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा सी0बी0सी0एस0 पैटर्न के तहत सेमेस्टर प्रणाली लागू किये जाने के कारण पाठ्यक्रम परिवर्तित होने से अधिकांश पुस्तकें पाठ्यक्रम के बाहर हो गई है।

महाविद्यालय में एक क्रीड़ा मैदान है जिसमें महाविद्यालय की खेल प्रतिभाओं को निखारने में सहायता मिल रही है। क्रीड़ा मैदान में महाविद्यालयी प्रतियोगिता के अलावा विश्वविद्यालय स्तर की अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन समय–समय पर किया जाता है। महाविद्यालय में वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाई तथा रोवर्स–रेंजर्स में 16 रोवर्स एवं 16 रेंजर्स की व्यवस्था है। नमामि गंगे परियोजना के तहत महाविद्यालय में समन्यवक के दिशा–निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

महाविद्यालय मे विभागीय परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद–विवाद, निबन्ध, सामान्य ज्ञान, चार्ट, मॉडल, क्विज, प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानमालायें आयोजित की जाती रही है। महाविद्यालय यू0जी0सी0 2F व 12B में पंजीकृत है। नेटवर्किंग के तहत महाविद्यालय को कम्प्यूटरीकृत कर लैब स्थापित की गई है। महाविद्यालय में इसरो द्वारा एडुसेट की स्थापना से छात्र–छात्रायें लाभान्वित हो रहे है।

सत्र 2020–21 में इस महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर छात्र द्वारा राजनीति विज्ञान विषय में विश्वविद्यालय का गोल्ड मैडल तथा स्नातक स्तर पर छात्रा द्वारा वाणिज्य विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

05/03/2021

प्राचार्य
रा0 स्ना0 महाविद्यालय
खटीमा (ऊधम सिंह नगर)